कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)

E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) –297943

आ.वि. / प्रवेश / सूचना / क्र.–16 / 2020 रीवा, दिनांक : 18 / 08 / 2020

संस्थागत विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में संकाय आवंटन हेतु आयोजित की गई ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया से वंचित मॉडल स्कूल के विद्यार्थी को पंजीयन हेतु अंतिम अवसर

सूचना–16 सत्र 2020–21

मॉडल स्कूल के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण ऐसे समस्त विद्यार्थी जो दिनांक 04.08.2020 तक संकाय आवंटन हेतु आयोजित प्रक्रिया में ऑनलाइन पंजीयन नहीं कर सकें हैं अथवा ऐसे विद्यार्थी जिनके द्वारा ऑनलाइन जमा किये गये पंजीयन आवेदन विभिन्न त्रुटियों के कारण अमान्य हो गये हैं अथवा ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व में पंजीकृत होने के उपरांत संकाय आवंटन हेतु विषय में परिवर्तन करना चाहते हैं ऐसे समस्त विद्यार्थियों को संकाय आवंटन के लिये ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार मापदण्ड एवं समय सारणी निर्धारित कर अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है :–

1. योग्यता :–

स.क्र.	संकाय	माध्यम	प्रतिशत	
			संस्थागत मॉडल स्कूल से 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु	न्यूनतम प्राप्तांक
1	गणित	हिन्दी	80%	320/400
2	जीवविज्ञान	हिन्दी	70%	280/400
3	वाणिज्य	हिन्दी	55%	220/400
4	कृषि	हिन्दी	45%	180/400
5	गणित	अंग्रेजी	80%	240/300
6	जीवविज्ञान	अंग्रेजी	70%	210/300
7	वाणिज्य	अंग्रेजी	55%	165/300

2. मापदण्ड एवं प्रक्रिया :–

- पंजीयन हेतु निर्धारित संकायवार न्यूनतम प्रतिशत केवल मॉडल स्कूल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये ही नियत किये गये हैं।
- एक से अधिक विषय अथवा संकाय आवंटन की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये अलग–अलग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करना होगा।
- पंजीयन फार्म में आवेदकों द्वारा दर्ज की गयी जानकारियों एवं अपलोड किये गये दस्तावेजों का सत्यापन प्रवेश समिति द्वारा किया जावेगा, असत्य जानकारी एवं गलत दस्तावेज पाये जाने पर पंजीयन फार्म निरस्त किया जा सकता है जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आवेदकों की होगी।
- पंजीकृत आवेदकों को पात्रतानुसार रिक्त सीटों पर ही प्रवेश हेतु विचार किया जावेगा।
- संकाय आवंटन हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://modelhssrewa.org.in/ एवं mponline पोर्टल की लिंक https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA पर उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन फार्म का शुल्क ₹100/- ऑनलाइन जमा करना होगा तथा पोर्टल शुल्क अलग से mponline को देय होगा।

3. समय सारणी :–

मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन लिंक आरम्भ होने की तिथि	ऑनलाइन लिंक बंद होने की तिथि	संकाय आवंटन हेतु मैरिट सूची एवं चयन सूची के प्रकाशन की तिथि	संकाय आवंटन उपरांत चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि
18.08.2020 को सायं 6:00 बजे से	21.08.2020 को सायं 4:00 बजे तक	22.08.2020 को सायं 4:00 बजे	22.08.2020 को सायं 6:00 बजे से 27.08.2020 को सायं 5::00 बजे तक

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स रीवा (म.प्र.)